एक नजर में

भाव नहीं मिलने पर किसान इसे फेंक रहे पुराने प्याज

बागली। वर्तमान में प्याज फसल लगभग सभी मौसम में लगाई जा रही है। इसके चलते संभाल कर रखे पुराने प्याज की अधिक कीमत नहीं मिल पा रही है । क्षेत्र से जुड़े किसानों ने बताया कि निश्चित समय 7 से 8 माह के बाद प्याज को संभालना मुश्किल होता है और वह अपने आप कट्टीयो में रखा रखा उगने लगता है। और थोड़े दिन बाद खराब हो जाता है। चोइथराम मंडी इंदौर में विगत दो-तीन दिनों से 15 से 20हजार कट्टे प्रतिदिन आने से लेवाली बहुत कम है। इस बीच नया प्याज भी मंडियों आ गया है। जो 3 से 5 रू किलो तक बिक रहा है ऐसी स्थिति में पुराने प्याज की लेवाली नहीं के बराबर होने से 2 रू किलो तक बेचा जा रहा है। बेहरी क्षेत्र में सैकड़ो किसान ऐसे हैं ।जिन्होंने भाव बढ़ने की उम्मीद में विगत 6 महीने से प्याज को संभाल कर रखा है। लेकिन भाव बेहद कम होने से और प्याज के खराब होने की शंका के चलते उसे फेंकना मुनासिब समझा रहे हैं। अधिकतर किसानों का कहना है कि दूर मंडी में ले जाने पर तो किराया खर्चा भी नहीं निकल पा रहा है। किसान संघ से जुड़े चंपालाल मुकाती ने बताया कि सरकार ऐसी स्थिति में किसानों को ब्याज का उचित दाम दिलाने के लिए तुरंत निर्यात की व्यवस्था करें ताकि प्याज की लेवाली अधिक मात्रा में निकले और किसानों को कम से कम 10 से 12 रू किलो तक का भाव मिलने लगे। अन्य प्याज उत्पादक किसान सुनील विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने ढाई सौ कट्टे सात माह से संभाल कर रखें लेकिन भाव एकदम इतना कम हो जाएगा यह अंदेशा नहीं था अब मजबूरी में प्याज को फेंकना ही मुनासिब समझा रहे हैं। उद्यानिकी विभाग के राकेश सोलंकी बताते हैं कि प्याज की उचित संभाल नहीं होने से 5 से 6 महीने बाद प्याज उगने लगता है। और यह सिलसिला एक बार शुरू होता है तो तेजी से बढ़ता है उगा हुआ प्याज कुछ काम का नहीं रहता वह जल्द ही खराब हो जाता है। हालांकि कुछ किस्मे ऐसी भी है जो 10 माह तक अच्छी तरह से रहती है।

शौचालय कक्ष को घाट से दूर बनाने की मांग

बागली। बागली जनपद क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित नर्मदा के पावन तट धराजी घाट पर घाट बनने के बाद स्नान पर्व सहित अन्य पर्व पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी है। पूर्व की गलतियों के कारण घाट के नजदीक किनारे पर सुलभ शौचालय बना हुआ है। जिसकी समस्त गंदगी नर्मदा नदी में मिल रही है। इस संबंध में बोल बम कावड़ यात्रा के संयोजक गिरधर गुप्ता जटाशंकर सेवा समिति से जुड़े देवेंद्र उपाध्याय राहुल गुप्ता संजय मुकाती कालू वास्केल बनवारी लाल वर्मा विमल भाटी लीलाधर पटेल घनश्याम पटेल आदि श्रद्धालुओं ने जनपद प्रशासन सहित जिला प्रशासन को पत्र लिखकर मांग की है कि आप श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी है इसलिए सुलभ शौचालय का स्थान दूर बनाया जाए और गंदगी नर्मदा नदी में नहीं मिले यह व्यवस्था की जाए।

सड़क मार्ग नवीनीकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा

टोंक खुर्द। टोंक खुर्द से टोंक कला नवीनीकरण सड़क मार्ग लगभग 8 किलोमीटर सड़क मार्ग इन दिनों खस्ता हालत में पड़ा हुआ है जगह-जगह गड्ढे में तब्दील हो चुका है। आए दिन एक्सीडेंट होता रहता है ।उक्त सड़क मार्ग टोंक कला एबी रोड स्टेट हाईवे सड़क मार्ग से तहसील कार्यालय टोंक खुर्द से जुड़ा हुआ है। उक्त सड़क मार्ग को नवीनीकरण बनाने की मांग की गई। यहां उक्त सड़क मार्ग चौबाराधीरा,पीपल रावा एवं बेरछा मंडी तक भी आवागमन सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है देवास जिला स्तर पर जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग है लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई किसी प्रकार से संज्ञान में नहीं लेकर कार्य को लापरवाही पूर्वक देखा जा रहा है अधिकांश सड़क टुकड़े-टुकड़े मे निर्माण एजेंसी ठेकेदार द्वारा कुछ स्थान पर सीमेंट कांक्रीट सड़क बना दी है एवं बीच-बीच में सड़क मार्ग को आधा अधूरा छोड़ दिया गया उक्त सड़क मार्ग का तत्काल ही निर्माण कार्य किया जावे एवं संबंधित विभाग एवं ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की ।इस संबंध मे भाजपा विधि प्रकोष्ठ पूर्व जिला संयोजक श्याम सिंह गालोदिया के नेतृत्व में ज्ञापन पत्र सोपा गया क्षेत्र के भ्रमण के दौरान। इस अवसर पर। भाजपा नेता राज बहादुर सिंह कुशवाह,भाजपा नेता निर्भय सिंह कराड़ा,सनी जैन,रोहित धाकड़ आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

शक्तियों का करें समुचित उपयोग-संत रेणुका जी

देवास। अन्य प्राणियों की तुलना में मनुष्य ज्यादा समर्थ्यवान एवं ज्यादा शक्ति संपन्न है। शारीरिक शक्ति में भले ही वह हाथी, शेर, बैल, घोड़े से थोड़ा कमत्तर सिद्ध हो, परंतु बौद्धिक बल, सामाजिक बल एवं आत्मिक बल में मनुष्य ज्यादा शक्तिशाली प्राणी इस सृष्टि में दूसरा नहीं है। इसके अतिरिक्त विज्ञान, तकनीकी, उद्योग, निर्माण इत्यादि न जाने ऐसी कितनी विधाओं का विकास मनुष्य के द्वारा कर दिया गया है कि जिनके कारण उसको लगभग अजय एवं अपराजेय ही समझा जाना चाहिए। उक्त प्रेरणादाई विचार ग्राम भूरियापुरा में गजराज सिंह, फतेह सिंह, चंपालाल, छोटेलाल, भगवान सिंह के पिताश्री स्व बजेसिंह नायक की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सतपाल महाराज की शिष्या रेणुका बाई जी ने रखते हुए कहा शक्ति के इतने अपरिमित एवं अतुलनीय स्रोतों से जुड़ा होने के बाद भी ऐसा क्या कारण है कि हम अधिकांश मनुष्यों को उनके वैयक्तिक जीवन में दुखी, परेशान, निसहाय-सा पाते हैं ? वह इंसान जिसकी बौद्धिक प्रतिभा इतनी है कि वह चाहे तो पूरे संसार की गति मोड सकता है और संपूर्ण मानव सभ्यता को एक दिशा प्रदान कर सकता है उसी इंसान को जब हम साधारण सी कठिनाइयों का निवारण करते समय बच्चों की तरह रोता झुकता देखते हैं तो शंका अवश्य होती है कि ऐसा क्यों है ? आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या उपस्थित धर्म प्रेमियों को संबोधित करते हुए साध्वी जी ने कहा इसका कारण यह है कि हममें से ज्यादातर लोग इन शक्तियों को बेकार के उद्देश्यों को पूरा करने में लगा देते हैं ऐसे कार्यों में ऊर्जा जाया कर देने पर, जिनका परिणाम कुछ नहीं निकलना था-न तो कुछ लौकिक लाभ मिलता और न ही आत्मिक संतोष। बाहरी व भीतरी जीवन, दोनों ही, ऐसे में अभावग्रस्त वह विपन्न दिखाई पड़ते हैं। साधन सीमित हो और उनसे आवश्यक कार्य किए जाएं तो अतिरिक्त साधन प्राप्त किए जा सकते हैं।

आरा मशीनों पर प्रतिबंधित लकड़ी का अंबार, स्टॉक रजिस्टर तक नहीं

अवैध लकड़ी परिवहन बेकाबू वन विभाग मौन

देवास। शहर में अवैध लकड़ी परिवहन का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। देवास में संचालित अधिकांश आरा मशीनों पर प्रतिबंधित प्रजातियों की लकड़ी का बड़े पैमाने पर भंडारण हो रहा है, लेकिन वन विभाग कोई जांच या कार्रवाई नहीं कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई कर 407 और अन्य छोटे मालवाहक वाहनों के जरिए रोजाना भारी मात्रा में लकड़ी देवास पहुंचाई जा रही है। बताया जा रहा है कि कई आरा मशीन संचालक वन विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर यह कारोबार बिना किसी डर के चला रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि शहर की कई आरा मशीनों पर ना तो स्टॉक रजिस्टर का मेंटेनेंस होता है और ना ही विभाग द्वारा किसी तरह की अनिवार्य जांच। बिना रजिस्टर और बिना रिकॉर्ड के चल रहा यह कारोबार अवैध गतिविधियों पर सवाल खड़ा करता है। प्रतिबंधित लकड़ियों के ढेर खुलेआम पड़े हुए हैं, लेकिन नियमित निरीक्षण, दस्तावेज़ सत्यापन और स्टॉक की जांच जैसी प्रक्रियाएँ पूरी तरह गायब हैं। इससे वन विभाग की कार्यप्रणाली और जवाबदेही दोनों पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि लगातार पेड़ों की कटाई से पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन संबंधित विभाग की चुप्पी समझ से परे है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में देवास की हरियाली और पर्यावरण संतुलन पर गहरा असर पड़ सकता है।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजपूत के फार्म हाउस पर लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह की आत्मीय भेंट

देवास। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कुं. नरेंद्र सिंह राजपूत के फार्म हाउस पर आज प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आत्मीय मुलाक़ात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच क्षेत्र के विकास, जनहित के प्रमुख मुद्दों तथा संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री राकेश सिंह ने क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों, सड़क विकास और आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की। वहीं कुं. नरेंद्र सिंह राजपूत ने ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं और जनता की प्राथमिक जरूरतों को विस्तार से मंत्री के समक्ष रखा। मुलाक़ात पूरी तरह से सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें दोनों नेताओं ने विकास कार्यों को और गति देने पर सहमति प्रकट की। नेताओं की यह भेंट क्षेत्र में सकारात्मक संदेश देने वाली और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

हिंद मजदूर सभा बैंक नोट मुद्रणालय की नई कार्यकारिणी का गठन

देवास। संगठन मंत्री प्रेम सिंह जाटव ने बताया कि 30 नवंबर 2025 को हिंद मजदूर सभा बैंक नोट मुद्रणालय देवास की नई कार्यकारिणी का विधानुसार गठन किया गया । साधारण सभा की अध्यक्षता सूरज शर्मा द्वारा की गई। नवीन लिटोरिया प्रदेश महामंत्री एचएमएस संरक्षक, अनिलराज सिंह सिकरवार कानूनी सलाहकार, कमल सिंह चौहान एवं ओम प्रकाश यादव उप संरक्षक, ईश्वर सिंह बारोड अध्यक्ष, जय प्रकाश यादव कार्यवाहक अध्यक्ष, सूरज शर्मा प्रभारी, जगदीश सिंह राजपूत महामंत्री, प्रेम सिंह जाटव संगठन मंत्री, चरण सिंह अहिरवार एवं धर्मेंद्र चौहान उप महामंत्री, हेमंत कदम, दिनेश वर्मा, विशाल पंवार, आनंद नामदेव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रवि रंजन सिंह, विनोद वानखेड़े, अमित पाल उपाध्यक्ष, अरुण यादव संयुक्त सचिव, कुलदीप सिंह, पंकज पटवान सचिव, तेजाराम कोषाध्यक्ष, रविन्द्र कुमार उप कोषाध्यक्ष, पिंटू कुमार प्रचार मंत्री एवं कार्यकारणी सदस्य चुने गए। उपसंरक्षक कमल सिंह चौहान एवं ओम प्रकाश यादव ने अंग वस्त्र डालकर नव निर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत किया था संघ को ओर मजबूत करने की अपील की।

महामंत्री राजपूत ने बताया कि ढाई वर्षों से लेकर हम लगातार संगठन एवं कर्मचारी हित में कार्य कर रहें हैं जिसमें चाइल्ड एजुकेशन अलाउंस के बकाया एरियर का भुगतान एचएमएस की सबसे बड़ी उपलब्धि रहा है जिससे सैकड़ों कर्मचारी लाभान्वित हुए हैं। इसके बावजूद भी सातवें वेतन आयोग के नियमों के गलत व्याख्या की वजह से वेतन विसंगतियां उत्पन्न हुई है जिनका शीघ्र ही समाधान कराया जाएगा। साथ ही आइडीए कर्मचारियों के कुछ ज्वलंत मुद्दे हैं उनको प्राथमिकता से रखा जाएगा तथा संस्थान एवं कर्मचारी हित में आगे भी इसी तरह कार्य करते रहेंगे। मीटिंग में बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। आभार उप महामंत्री चरण सिंह अहिरवार ने माना।

विधायक सोनकर ने बड़ी पुल ब्रिज नवनिर्माण का किया भूमि पूजन

टोंकखुर्द। सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से लंबे अरसे के बाद क्षेत्र की जनता को आवागमन से जूझना पड़ रहा था बारिश के दिनों में। क्षेत्र की जनता की मांग पर विकास पुरुष विधायक डॉ,राजेश सोनकर के अथक प्रयास से विधानसभा क्षेत्र में दो स्थानों की बड़ी गंभीर समस्या क्षेत्र कि आम जनता को भुगतनी पड रही थी। अब जनता की परेशानी को बड़ी निजात मिलेगी। दो जिला देवास शाजापुर एवं विधानसभा क्षेत्र सोनकच्छ जाने आने का आवागमन वाहनों अब नहीं रुकेगा वाह सड़क मार्ग है ग्राम चौबाराधीरा से आगे ग्राम जीवाजीगढ़ एवं चौबारा चौबाराधीरा के बीच में स्थित जीवाजीगढ़ की खाड़ी जहां बड़ा नाला पड़ता था। जिस पर छोटी रपट बनी हुई थी। एवं ग्राम इकलेरा माताजी का बांगदी नाला जहां बड़ा पड़ता था। जिस पर भी छोटी रपटे बनी हुई थी। बारिश के दिनों में थोड़ा सा पानी गिरता था तो दोनों नालो उफान पर रहते थे 24 घंटा ही। जिस पर दोनों साइड जनता को वाहनों में ही रात्रि गुजारनी पड़ती थी। अब सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र विकास के निरंतर कार्य प्रगति के पथ पर अग्रेषित है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ,मोहन यादव, सोनकच्छ विधायक डॉ,राजेश सोनकर के कार्यकाल की विकास की प्रशंसा की दोनों जिले देवास,शाजापुर एवं सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र की जनता ने विकास पुरुष विधायक डॉ,राजेश सोनकर द्वारा मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग से लोक निर्माण से लोक कल्याण योजना से चौबाराधीरा से स्थित ग्राम जीवाजीगढ़ का बड़ा नाला पर जीवाजीगढ़ खाड़ी पुल निर्माण ब्रिज का 148,90 लाख लागत राशि से एवं ग्राम इकलेरा माताजी बांगदी बड़ा नाला पर बड़ा पुल ब्रिज का 148,90 लाख लागत राशि से नव निर्मित दोनों बड़ा बड़ा पुल ब्रिज का भूमि पूजन विधायक डॉ, राजेश सोनकर के कार्यकाल में संपन्न होने जा रहा है क्षेत्र की जनता से जो वादा किया था वह निभाया गया। उसके बाद भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन ग्राम जीवाजीगढ़ में हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम में संबोधन भाषण में विधायक सोनकर ने बताया कि सोनकच्छ विधानसभा में विकास का रथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ,मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार चल रहा है। मेरे द्वारा लगभग दो वर्षों में विकास कार्यों किए हैं वह जनता के सामने प्रमाण है कि मेरा लक्ष्य है विकास करना और सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा करना। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटारिया ने कहां की क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है भाजपा की सरकार मे और मैं और में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के नाते जनता की आवाज सरकार तक पहुंचाऊंगा। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक श्याम सिंह गालोदिया ने बताया कि। केंद्र सरकार,राज्य सरकार की मूलभूत महत्वाकांक्षी योजनाओं धरातल स्तर पर चल रही है। और जनता को शासन की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। चाहे केंद्र सरकार की योजना से किसान क्रेडिट,गैस सिलेंडर प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना आदि योजना एवं राज्य सरकार की योजना से लाडली बहना योजना मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना से लाभ मिल रहा है एवं कई योजनाओं से लोगों को लाभ मिल रहा है। विकास की डोर चलती रहेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनकच्छ विधायक डॉ,राजेश सोनकर थे।अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार ने की। विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटारिया,भाजपा विधि प्रकोष्ठ पूर्व जिला संयोजक श्याम सिंह गालोदिया थे। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मंडलोई,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र पटेल,भाजपा पूर्व जिला कार्य समिति सदस्य निर्भय सिंह कराड़ा,भाजपा युवा मोर्चा पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह भाटी,जीवाजीगढ़ ग्राम पंचायत सरपंच पर्वत सिंह कुशवाह,उप सरपंच नाथू सिंह गुर्जर,भाजपा युवा नेता अरविंद सिंह कराड़ा,पंडा जी बाबूलाल गुर्जर भाजपा के कई जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्र की जनता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।संचालन भाजपा मंडल महामंत्री दिलीप मालवीय ने किया।

विकास का वादा पूरा किया

विधायक डॉ, राजेश सोनकर दोनों नालों पर करोड़ों की लागत से नवनिर्मित बड़ी पुल ब्रिज बनाने का निर्माण कार्य राज्य सरकार से जनता की मांग पर विकास कार्य लेकर आए और चुनाव के समय कहा था कि मैं विकास करने के लिए आया हूं मुझे बताना कहां पर विकास करना है विकास का वादा पूरा किया अब करोड़ों की सौगात से दोनों नालों पर नवनिर्माण बड़ी पुल ब्रिज का कार्य प्रारंभ हुआ। वर्षों से मांग को पूर्ण की गई विधायक सोनकर ने अब देवास जिला शाजापुर जिला आने-जाने का रास्ता 24 घंटे का क्लियर होगा।

प्रभु के बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची उपासना है : जिनसुंदर सुरी

देवास। नयापुरा चौक स्थित नवनिर्मित जैन मंदिर में 20 वें तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत स्वामीजी की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। श्रद्धा, आनंद और उत्साह की त्रिवेणी से अद्भुत भक्तिमय वातावरण निर्मित हुआ। इसी बीच आचार्य श्री जिनसुंदर सुरीश्वरजी एवं धर्मबोधित सुरीश्वरजी ने प्रतिष्ठा संपन्न की तो विशाल भक्त समुदाय खुशी से नाच उठा। माता बहनों ने मंगल गीत गाए। इस अवसर पर देवास नगर जैन समाज की सभी संस्थाओं के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने मिलकर पूज्यश्री से 2027 के चातुर्मास की पुरजोर विनंती की। प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि इस अवसर पर विशाल धर्मसभा को उपदेशित करते हुए पूज्यश्री ने कहा कि प्रभु को मंदिर के साथ मन मंदिर में भी प्रतिष्ठित करते हुए उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची उपासना है।

संसार में चार दुर्लभ वस्तुएं है। प्रथम जिन शासन, द्वितीय जिनवाणी, तृतीय जिनवाणी के प्रति श्रद्धा और चौथी है प्रभु के बताए मार्ग का सच्चा अनुसरण। जिस प्राणी ने भी यह दुर्लभ प्राप्त कर लिया उसकी आत्मा का कल्याण सुनिश्चित है। मंदिर निर्माण एवं महोत्सव का आयोजन प्रेम कुमार विजय कुमार सेठिया परिवार ने किया। प्रभु भक्ति पर यश जैन उज्जैन ने झुमाया। पूजन विधान विक्रम भाई हुबली ने संपन्न किया। 1 दिसम्बर को सुबह नवीन मंदिर का द्वार उद्घाटन कार्यक्रम होगा।

गीतकार मनोज दुबे हुए सम्मानित

कांटाफोड़। क्षेत्र के शिक्षक एवं गीतकार मनोज दुबे को हमेशा की तरह ही एक और पुरस्कार प्राप्त हुआ हे। वीर शहीद ईलाप सिँह उदवहन सिचाई परियोजना के तहत आयोजित एक भव्य एवं गरिमामय समारोह में, हरदा जिले के 100 प्रतिशत सिचाई के लक्ष्य को पूर्ण करने की सफलता प्राप्त करने के उपलक्ष्य में लिखें गए गीत को बहुत सराहा गया। केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके की अध्यक्षता और पूर्व मंत्री कमल पटेल के मुख्य आतिथ्य में हरदा जिले के ग्राम सोन तलाई में आयोजित इस कार्यक्रम में मनोज दुबे के द्वारा लिखें गए इस गीत ने समा बांध दिया। गीत की ह्रदय स्पर्शी पंक्तियाँ भाव विभोर कर रही थी माँ नर्मदा की कहानी कहते जाएँगे, खेत मेरे गाँव मेरे यह कथा सुनाएँगे, एक ही संकल्प और एक ही नारा हे, स्वर्ग से भी सुंदर क्षेत्र ये हमारा हे, ये सब प्रताप हे तेरा ही मातु नर्मदे, खेत - खेत नर्मदे, गाँव गाँव - गाँव नर्मदे। इस गीत की प्रशंसा करते हुए अतिथियों ने कहा कि, इन पंक्तियों को गाते हुए असीम श्रद्धा और उत्साह का संचार होता हे।

कार्यक्रम में मनोज दुबे को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरदा जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, सहित अनेक जन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थें।

एक नजर जिला जेल में श्रीमद भागवत गीता के श्लोकों का वाचन कर अर्थ समझाया

भागवत गीता को हम मानते जरूर हैं किंतु गीता के उपदेशों को मानते नहीं : गायत्री परिवार

देवास। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की शाखा देवास द्वारा गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत लगातार जनमानस के चिंतन को बदलने का प्रयास किया जा रहा है इसी कड़ी में जिला जेल देवास में भी गायत्री परिवार की टीम द्वारा जेल के बन्दी भाई बहनों को गीता के श्लोक सुना कर श्लोकों का अर्थ समझाया। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि जिला जेल में गायत्री परिवार की टीम द्वारा गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत गीता के श्लोकों को सुना कर श्लोकों का अर्थ समझाया । नवागत जेल अधीक्षण विद्या भूषण प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ जिसमें श्री प्रसाद ने बन्दी भाई बहनों को गीता के उपदेशों का अपने जीवन में धारण कैसे करे यह बात समझाई । मुख्य वक्ता के रूप में जिला युवा समन्वयक प्रमोद निहाले, वरिष्ठ परिजन अरुण शैव्य, कांतिलाल पटेल व मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी थे । अरुण शैव्य व कांतिलाल पटेल ने बड़ी सरलता व सहजता से श्रीमद भागवत गीता का ज्ञान और सार सभी के समक्ष प्रस्तुत किया । आयोजन की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण के भजन गोविंद बोलो हरि गोपाल बोला.... राधा रमण हरि गोविंद बोलो से हुई तत्पश्चात जेल अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद ने गायत्री परिवार की टीम का स्वागत अभिनंदन करते हुए बन्दी भाई बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवत गीता का ज्ञान अद्भुत और जीवन को बदलने वाला है इसलिए हर बंदी भाई बहिन प्रयास करे कि गीता के श्लोकों को नित्य पड़े और अपने आचरण में उतारे स जिला युवा समन्वयक प्रमोद निहाले ने संबोधन में कहा कि हम सब भगवान श्रीकृष्ण को मानते जरूर है पर उनकी मानते नहीं है अर्थात श्रीमद भागवत गीता के अनुसार हमारे जीवन में परिवर्तन आना चाहिए हमारा जीवन नशामुक्त, भयमुक्त, आडंबर रहित और समाज हित में सृजनशील व लोक कल्याणार्थ बनना चाहिए यही गीता का सच्चा उपदेश एवं सार है स कार्यक्रम में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुण शैव्य एवं कांतिलाल पटेल ने गीता के पंद्रहवे अध्याय के महत्वपूर्ण 20 श्लोकों का पूरे भावार्थ सहित समझाया ओर कहा कि वास्तविक गीता का सार जीवन को ईश्वरीय अनुसार ढालना ही सच्चा कर्म और ज्ञान है । कार्यक्रम में बंदी भाई बहिन को गीता भी वितरित की गई । आयोजन में जेल विभाग के विजयसिंह बारिया, बाबूलाल वर्मा, अभिन्नदन पटेल एवं कई अधिकारी व कर्मचारी सहित सैकड़ों बंदी भाई बहिन उपस्थित थे ।